पेज थ्री देहरादून

जंगल में ऑनलाइन परीक्षा दे रहे छात्र, बना रहता है हिंसक जानवरों का खतरा।



देहरादून बुधवार 30 सितंबर 2020

# हमारा दून






### सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नल से जल के लिए 2 अक्टूबर से अभियान

जल जीवन मिशन ने गांवों में पानी की समस्या से मुक्त करने का अवसर दिया है। 2 अक्टूबर से जल जीवन मिशन के तहत अभियान चलाकर 100 दिनों में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नल से जल सुनिश्चित किया जाएगा। वर्ष 2014 के बाद देश हित में बहुत से बड़े काम किए गए। इनमें कृषि विधेयक, डिजिटल इण्डिया, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन शामिल हैं। वन रैंक वन पेंशन से उत्तराखण्ड के एक लाख से अधिक पूर्व सैनिक लाभान्वित हुए हैं। सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकवाद को चोट पहुंचाई गई। राफेल से वायुसेना की ताकत काफी बढ़ी है। सरदार पटेल की मूर्ति राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की प्रतीक है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से सारी दुनिया योग के महत्व से परिचित हुई। अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर का भूमि पूजन किया गया। देश को ताकतवार बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया गया है।

### प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन में 1 रूपए में कनेक्शन के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की सराहना की

# गंगा किनारे जैविक खेती और औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहन

**लोकार्पण**

■परियोजनाओं से प्रतिदिन 15 करोड़ लीटर से अधिक दूषित जल को गंगा में गिरने से रोका जा सकेगा

**संवाददाता**

देहरादून। नमामि गंगे के अंतर्गत उत्तराखण्ड में 521 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण पर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के चिन्हित 16 नगरों हेतु स्वीकृत 19 योजनाओं में से 15 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। शेष कुम्भ से पहले पूरी हो जाएंगी। प्राथमिकता के इन नगरों में चिन्हित किए गए 135 नालों में से 128 टैप किए गए हैं शेष को कुम्भ से पहले टैप कर लिया जाएगा।

गंगा किनारे उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न स्थानों पर 21 स्नान घाटों जिसमें भव्य चंडी घाट भी शामिल है और 23 मोक्षधामों का



निर्माण किया गया है।

गंगा नदी के कैचमेंट एरिया में जो कार्य कराए गए हैं, उनका लाभ आने वाले समय में अवश्य मिलेगा। गंगा के दोनों किनारों पर 5 से 7 किलोमीटर के क्षेत्र में जैविक खेती को विकसित करते हुए स्थाई कृषि प्रथाओं को भी नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोत्साहन दिया जा रहा है। नमामि गंगे कार्यक्रम में निर्मित एसटीपी से निकलने वाले शोधित जल को भी कृषकों को सिंचाई हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। गंगा जी की निर्मलता और अविरलता के लिए प्रधानमंत्री जी के भगीरथ प्रयासों के परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। यहां तक की गंगा मे डाल्फिन और महाशिर मछलियां भी पुनः दिखने लगी हैं। गंगा के किनारे आर्गेनिक खेती व औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि गंगा प्रहरी और अनेक संगठनों के माध्यम से नमामि गंगे को जन अभियान बनाया गया है। गंगा की शुचिता के साथ ही अविरलता पर भी ध्यान दिया गया है। इसके लिए ई–फ्लो अधिसूचना जारी की गई। अगले वर्ष हरिद्वार में कुम्भ मेले के समय गंगा जल आचमन योग्य होगा। रिसाईकिल पानी को रियूज करने का भी प्रयास किया जा रहा है। गंगा की सहायक नदियों पर भी प्रभावी काम कर रहे हैं।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड की राज्यपाल श्रीमती बेबी रानी मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री डा.रमेश पोखरियाल निशंक, केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री रतनलाल कटारिया सहित अन्य महानुभाव उपस्थित थे। इसके साथ ही उत्तराखण्ड के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, मदन कौशिक, सांसद तीरथ सिंह रावत, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनिता ममगाई, विधायक आदेश चौहान विभिन्न स्थानों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### हरिद्वार कुम्भ में गंगा का जल आचमन योग्य

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जल संचय व जल संरक्षण को लेकर जनचेतना का संचार हुआ है। यह आंदोलन जन जन का विषय बनने लगा है। वर्ष 2014 से नमामि गंगे एक मिशन मोड में काम कर रहा है। इसके लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था की गई। समन्वित एप्रोच पर काम किया गया। गंगा प्रवाह क्षेत्र में 315 परियोजनाएं अभी तक इसमें ली गई हैं। कुल 28854 करोड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 9 हजार करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इनके स्पष्ट परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। हाईब्रिड एन्यूटी प्रणाली अपनाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी पार्क को दो अक्टूबर से खोलने की अनुमति दिये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने जिलाधिकारी देहरादून को पत्र लिखकर देहरादून महानगर के गांधी पार्क को सेनिटाइजेशन के उपरान्त आम जनता के लिए आगामी दो अक्टूबर से खोलने की अनुमति दिये जाने की मांग की है। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के लिए लगाये गये प्रतिबन्धों में धीरे–धीरे छूट देते हुए अनलॉक की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है तथा सरकारी संस्थानों सहित निजी संस्थानों तथा बाजार एवं अन्य प्रतिष्ठानों को खोलने की अनुमति दी जा चुकी है।

### हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के अपराधियों को सख्त सजा दिलवाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार तथा कांग्रेस के अनुसूचित विभाग ने राष्ट्रपति से हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के अपराधियों को सख्त सजा दिलवाने तथा परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है। इस अवसर पर पीडित की मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व मे कांग्रेस जन राजीव भवन में इकटठा हुए ओर वहां पर दुष्कर्म पीडिता के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।

# सीएम से वार्ता के बाद नर्सों ने आंदोलन किया स्थगित

**आश्वासन**

■ एसोसिएशन की समस्याओं के समाधान का मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी जखमोला एवं महामंत्री श्रीमती कान्ति राणा ने भेंट की। उन्होंने नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से सम्बन्धित मांगपत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि



कोविड–19 के इस संकट काल में नर्सिंग स्टाफ द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है।

महामारी के इस दौर में चिकित्सा सेवा से जुड़े कार्मिकों का मानवीयता का परिचय देते हुए कर्तव्यों का पालन करना सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्सों के खाली पदों पर नियुक्ति के साथ ही नर्सिंग स्टाफ नर्स का पद नाम नर्सिंग अधिकारी किये जाने की कार्यवाही भी शीघ्र की जायेगी।

नर्सेज एसोसिएशन द्वारा अपने मांग पत्र में कोविड के कारण नर्सों की वेतन में की जा रही एक दिन की वेतन कटौती को रोकने, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद स्टाफ नर्स का पदनाम नर्सिंग अधिकारी तथा सिस्टर का पदनाम वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी किये जाने का शासनादेश शीघ्र किये जाने, नर्सेज की पदोन्नतियां करने एवं रिक्त पदों पर नई भर्ती का अनुरोध किया है। उनके द्वारा मांग पत्र में वेतन विसंगति एवं सेवा नियमावली आदि से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण की भी अपेक्षा की गई है।

### किसान विरोधी कानून को निरस्त करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है केन्द्र सरकार द्वारा पारित किये गये किसान विरोधी कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर दो अक्टूबर से देशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा और यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को राजीव भवन कांग्रेस भवन में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर के किसानों के आंदोलन के साथ कांग्रेस पूरी तरह से है और दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक देश भर में किसान विरोधी काले कानून के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा और उसके बाद हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राष्ट्रपति को सौंपकर इन तीनों कानूनों को वापस लिये जाने की मांग की जायेगी।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।